अमर उजाला 12/03/2025

रोजगार मेले में 200 का पंजीकरण

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज द्वारा प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के मार्गदर्शन में सोमवार को प्लेसमेंट सेल की ओर से युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया। इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने उद्यमी छात्रों को रोजगार संबंधित अवसरों के लिए चयन का मौका दिया गया। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि यह पहल विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के दरवाजे खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में 20 से अधिक कंपनियां शिरकत कर रही हैं। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह रोजगार मेला न केवल नौकरी के लिए एक मौका है, बल्कि यह विद्यार्थियों के करियर की दिशा में एक नई शुरुआत है प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ अनुपमा सिहाग ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए 250 विद्यार्थियों ने पहले से ही पंजीकरण करवाया है। इसके साथ ही कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों की प्लेसमेंट के लिए समय-समय पर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन करवाया जाता है। संवाद